USE OF BARICITINIB IN HOSPITALISED ADULTS WITH COVID-19

अस्पताल में भर्ती COVID-19 के मरीजों में BARICITINIB (बारिसिटिनिब) का उपयोग

रोगियों, परिवारों और देखभालकर्ताओं के लिए सूचना

इस सूचना पत्रक में COVID-19 के इलाज के लिए उपयोग किए जाने वाली Baricitinib नामक दवा के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी शामिल है

COVID-19 के लिए BARICITINIB का संभावित लाभ क्या है?

Baricitinib, Janus Kinase (JAK) इन्हिबिटर (निरोधक) नामक दवाओं के एक समूह से सम्बन्ध रखती है। Baricitinib, Janus Kinase नामक एक एंजाइम की गतिविधि को कम करके काम करती है, जो इंफ्लमैशन (पीड़ा और सूजन) के कारण होता है। यह एंजाइम प्रतिरक्षा प्रणाली (इम्युन सिस्टम) की कार्यशीलता को भी प्रभावित करता है। Baricitinib इंफ्लमैशन को कम करती है और एक अति क्रियाशील प्रतिरक्षा प्रणाली के प्रभावों को कम करती है जो गंभीर COVID-19 में हो सकता है। यह मृत्यु के संभावित जोखिम को कम करती है।

ऑस्ट्रेलिया में baricitinib को रूमेटॉयड गठिया और एक्जिमा जैसी कुछ स्थितियों के इलाज के लिए अनुमोदित किया गया है। ब्रांड का नाम Olumiant® है।

हाल के नैदानिक परीक्षणों ने अध्ययन किया है कि COVID-19 में baricitinib कितनी अच्छी तरह काम करती है। ऑस्ट्रेलिया के National COVID-19 Clinical Evidence Taskforce (नेशनल COVID-19 क्लिनिकल एविडेंस टास्कफोर्स) ने इस बारे में सिफारिशें की हैं कि COVID-19 के उपचार में baricitinib के काम करने और नहीं करने की सबसे अधिक संभावना कब है

COVID-19 में BARICITINIB का उपयोग करते समय क्या विचार किया जाना चाहिए?

क्योंकि COVID-19 में baricitinib का उपयोग नया है और ऑस्ट्रेलिया में COVID-19 के इलाज के लिए baricitinib पंजीकृत नहीं है, इसलिए यह कितनी अच्छी तरह काम करती है और यह कितनी सुरक्षित है, इसकी जानकारी एकत्र की जा रही है। यह महत्वपूर्ण है कि रोगी और उनके देखभालकर्ता यह समझें कि baricitinib कब और क्यों उपयोगी हो सकती है। आपके डॉक्टर इस बारे में अधिक जानकारी प्रदान करेंगे कि यह कितनी अच्छी तरह काम करती है और यह आपकी स्थिति में कितनी सुरक्षित है।

क्योंकि COVID-19 के लिए baricitinib के उपयोग नया है, यह महत्वपूर्ण है कि आप baricitinib प्राप्त करने से पहले अपनी औपचारिक सहमति प्रदान करें। आप baricitinib के द्वारा इलाज के बारे में अपना मन हमेशा बदल सकते/सकती हैं और किसी भी समय सहमति वापस ले सकते/सकती हैं।

COVID-19 में BARICITINIB के प्रयोग से पहले डॉक्टर को क्या पता होना चाहिए?

डॉक्टर को निम्नलिखित पता होना चाहिए:

- ❑ कोई भी अन्य स्थितियां जिसमें शामिल हैं, सफेद रक्त कोशिकाओं की कमी, लाल रक्त कोशिकाओं की कमी, तपेदिक (तपेदिक वाले किसी व्यक्ति के संपर्क में रहने सहित), बार-बार होने वाले संक्रमण, HIV या AIDS, हेपेटाइटिस B या हेपेटाइटिस C, शिंगल्स, मधुमेह (डायबिटीज़), कैंसर, उच्च कोलेस्ट्रॉल, आपके पैरों की रक्त वाहिकाओं में रक्त के थक्के (deep vein thrombosis) या फेफड़ों की रक्त वाहिकाओं में रक्त के थक्के (pulmonary embolism)
- ❑ जिगर या गुर्दे की कोई समस्या
- ❑ किसी दवा से पहली कभी हुई एलर्जी संबंधी प्रतिक्रिया
- ❑ ओवर-द-काउंटर और पूरक दवाओं सहित सभी दवाएं जैसेकि- विटामिन, खनिज, हर्बल या प्राकृतिक चिकित्सा दवाएं जो आप ले रहे/रही हैं या हाल ही में ली हैं
- ❑ गर्भधारण की संभावना या गर्भधारण की योजना
- ❑ हाल ही में टीकाकरण या टीका लगवाने की योजना

BARICITINIB के दुष्प्रभाव क्या हैं?

सभी दवाओं के दुष्प्रभाव होते हैं। कभी-कभी वे गंभीर होते हैं, लेकिन ज्यादातर वे गंभीर नहीं होते हैं, और उनमें से कई तो समय के साथ या इलाज बंद होने पर गायब हो जाते हैं। हो सकता है कि कुछ दुष्प्रभावों के लिए चिकित्सा उपचार की आवश्यकता हो। हो सकता है कि दुष्प्रभाव का अनुभव न भी हो। कुछ संभावित दुष्प्रभाव जो COVID-19 के लिए baricitinib के साथ उपचार के दौरान अनुभव किए जा सकते हैं, वे नीचे दिए गए हैं। जब COVID-19 वाले लोगों में इसका उपयोग किया जाता है, तो baricitinib के साथ अन्य अज्ञात दुष्प्रभावों का अनुभव होने की संभावना होती है।

Baricitinib के संभावित दुष्प्रभाव	क्या करें
• जी मिचलाना (विशेषकर उपचार की शुरुआत में) • पेट दर्द • सिरदर्द	अगर ये लक्षण होते हैं तो डॉक्टर या नर्स को बताएं और वे उनका इलाज करने में मदद कर सकते हैं।
• सफेद रक्त कोशिकाओं की कमी • लाल रक्त कोशिकाओं की कमी • जिगर पर प्रभाव	डॉक्टर रक्त परीक्षण करके इन दुष्प्रभावों को देखेंगे।
• संक्रमण: ◦ सर्दी, गले में खराश, बहती या बंद नाक, खांसी ◦ बुखार, पसीना/ठंड लगना, मांसपेशियों में दर्द, सांस की तकलीफ, आपके शरीर पर गर्म/लाल/दर्दनाक त्वचा के घाव, पेशाब करते समय जलन, सामान्य से अधिक बार पेशाब करना ◦ शिंगल्स के लक्षण जैसे सिरदर्द, रोशनी की चमक से तकलीफ, झुनझुनी, खुजली या दर्दनाक छाले के साथ त्वचा पर लाल चकत्ते।	इनमें से कोई भी लक्षण होने पर तुरंत डॉक्टर या नर्स को बताएं
• टांगों या फेफड़ों में रक्त के थक्के (दर्दनाक सूजे हुए पैर, सीने में दर्द या सांस लेने में तकलीफ।)	इनमें से कोई भी लक्षण होने पर तुरंत डॉक्टर या नर्स को बताएं
• एलर्जी के कारण होने वाले प्रभाव: ◦ सांस की तकलीफ, घरघराहट (व्हीज़िंग), सांस लेने में कठिनाई ◦ चेहरे, होंठ, जीभ या शरीर के अन्य हिस्सों में सूजन ◦ त्वचा पर गंभीर लाल चकत्ते, खुजली, पित्ती	इनमें से कोई भी लक्षण होने पर तुरंत डॉक्टर या नर्स को बताएं

कृपया ध्यान दें: यह सभी संभावित दुष्प्रभावों की पूरी सूची नहीं है। इस सूचना पत्रक के अंत में baricitinib के दुष्प्रभावों के बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए एक लिंक सूचीबद्ध किया गया है। साथ ही, डॉक्टर, फार्मासिस्ट या नर्स दुष्प्रभावों की पूरी सूची प्रदान कर सकते हैं। दुष्प्रभावों की सूचना डॉक्टर और/या Therapeutic Goods Administration (चिकित्सीय सामान प्रशासन) को www.tga.gov.au/reporting-problems पर सीधे दी जा सकती है।

BARICITINIB कैसे दी जाती है?

Baricitinib की पूरी गोली को एक गिलास पानी के साथ पूरा निगलकर लिया जाता है। इसे भोजन के साथ अथवा भोजन के बिना लिया जा सकता है।

आपका डॉक्टर तय करेगा/करेंगी कि आपके लिए कितनी खुराक सही है और आपको इसे कितने समय तक लेना चाहिए।

क्या BARICITINIB उपचार के साथ कोई विशेष सावधानियां लेनी होती हैं?

अन्य दवाओं के साथ प्रयोग

Baricitinib की परस्पर क्रिया कुछ अन्य दवाओं के साथ हो सकती है; कभी-कभी यह गंभीर हो सकती है। डॉक्टरों और अन्य स्वास्थ्य पेशेवरों (जैसे फार्मासिस्ट या नर्स) को सामान्य रूप से ली गई या नियोजित सभी दवाओं के बारे में सूचित किया जाना चाहिए। इसमें ओवर-द-काउंटर और पूरक दवाएं शामिल हैं उदाहरण के लिए: विटामिन, खनिज, हर्बल या प्राकृतिक चिकित्सा दवाएं।

डॉक्टर और फार्मासिस्ट baricitinib को शुरू करने से पहले और इसे बंद करने पर, दवा की प्रक्रियाओं की जाँच करेंगे।

टीकाकरण

क्योंकि baricitinib प्रतिरक्षा प्रणाली की गतिविधि कम कर सकती है, तो इसलिए संक्रमण हो सकता है। डॉक्टर संक्रमण की जांच करेंगे और आपके लिए भविष्य के टीकाकरण के बारे में सलाह देंगे। सुनिश्चित करें कि आपने हाल ही में अपने किसी भी टीकाकरण के बारे में डॉक्टरों को बताया है।

प्रजनन क्षमता, गर्भावस्था और स्तनपान

- COVID-19 वाली गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को baricitinib लेने की सलाह नहीं दी जाती है। जानकारी और परामर्श के लिए अपने डॉक्टर या फार्मासिस्ट से सलाह लें।
- प्रजनन क्षमता पर baricitinib के प्रभाव अज्ञात है।
- सामान्य तौर पर, यह सलाह दी जाती है कि बच्चे पैदा करने की क्षमता वाली महिलाओं को baricitinib की अंतिम खुराक के बाद कम से कम एक सप्ताह के लिए पर्याप्त गर्भनिरोधक का उपयोग करना चाहिए। अधिक जानकारी के लिए अपने चिकित्सक से परामर्श करें।

मेरी टिप्पणियाँ:

____

____

____

____

____

BARICITINIB के बारे में और अधिक जानकारी

- Eli Lilly Australia Pty Ltd. Australian Consumer Medicines Information Olumiant® baricitinib 4 mg film-coated tablet blister pack. Therapeutic Goods Administration. Published 23 April 2021 https://search.tga.gov.au/s/search.html?collection=tga-artg&profile=record&meta_i=277917
- National COVID-19 Clinical Evidence Taskforce. Australian Guidelines for the Clinical Care of people with COVID-19. https://covid19evidence.net.au/#living-guidelines

© 2021 NSW Therapeutic Advisory Group Inc and State of New South Wales (NSW Health).

अस्वीकरण: यह दस्तावेज़ केवल प्रकाशन के समय वर्तमान जानकारी के लिए प्रदान किया गया है। समय-समय पर इसका नवीनीकरण किया जा सकता है और यह सलाह दी जाती है कि जब व्यक्तिगत रोगी, देखभालकर्ता और परिवार के प्रयोग के लिए इसकी आवश्यकता हो तो इस दस्तावेज़ को NSW TAG वेबसाइट से डाउनलोड किया जाए। इसमें सभी उपलब्ध जानकारी शामिल नहीं है। इसका उद्देश्य चिकित्सा सलाह की जगह इसका प्रयोग करना नहीं है और इसका उपयोग केवल वास्तविक उपचार विकल्पों या निर्णयों को निर्धारित करने के लिए नहीं किया जाना चाहिए।